## हार्दिक के सवाल पर नताशा का जवाब बोलीं- तुम्हारे लाड़-प्यार का नतीजा



हार्दिक ने पूछा, क्या है चेहरे पर बढ़ती चमक का राज

इस तस्वीर को शेयर करते हुए हार्दिक ने नताशा से पूछा था। बब्स (प्यार से पुकारना) तुम अपने चेहरे पर इतनी चमक कहां से ला रही हो? हार्दिक पंड्या ने फैन्स के साथ शेयर की थी यह तस्वीर।

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने अपनी मंगेतर नताशा स्टैनकोविच के साथ शुक्रवार को एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की थी। इस तस्वीर के साथ हार्दिक ने नताशा से उनके चेहरे पर बढ़ रही चमक का राज पूछा था। नताशा ने भी हार्दिक को इसका जवाब दे दिया है। हार्दिक ने नताशा के साथ जो अपनी नई तस्वीर शेयर की थी। उसमें यह कपल अपनी कार में बैठकर कहीं घूमने निकला हुआ है। दोनों ने सीट बेल्ट लगाई हुई है और इसी दौरान हार्दिक ने यह सेल्फी क्लिक की है।

**नताशा स्टैनकोविच ने दिया प्यारा सा जवाब**

नताशा ने भी इसका प्यारा सा जवाब हार्दिक को दिया है। नताशा ने अपने जवाब में नन्हे बच्चे का इमोजी बनाया है, जिसका अर्थ है कि वह प्रेग्नेंट हैं। इसके आगे उन्होंने लिखा है कि आपका प्यार और ख्याल है। बता दें इस कपल ने इसी साल न्यू इयर (1 जनवरी) के दिन मंगनी की थी। इसके बाद दोनों ने हाल ही में अपने फैन्स को यह जानकारी दी थी कि नताशा प्रेग्नेंट हैं।

# स्ट्रोक के मामले में रोहित शर्मा से बेहतर नहीं कोई उदाहरण

**क्रिकेट**

## भारतीय बल्लेबाजों को देखने में आनंद आता हैः अथर्टन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइक अथर्टन का मानना है कि टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा स्ट्रोक खेलने की अपनी क्षमता के कारण ऑस्ट्रेलिया की उछाल वाली पिचों पर सफल हो सकते हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच इस साल के अंत में 4 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जानी है जिसके लिए अथर्टन भी काफी उत्साहित हैं।

अथर्टन ने पिट स्टॉप कार्यक्रम में कहा, भारतीय बल्लेबाजों को देखने में मुझे इसलिए आनंद आता है क्योंकि वे मुझे बेहद नैसर्गिक लगते हैं। उन पर कोई तकनीक अपनाने के लिए दबाव नहीं बनाया जाता है। इसके लिए रोहित शर्मा से बेहतर उदाहरण नहीं हो सकता है।

रोहित ने अभी तक अपने टेस्ट करियर में 32 मैच खेले हैं जिसमें




6 शतकों की बदौलत कुल 2141 रन बनाए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 टेस्ट मैच खेले हैं जिनमें कुल 279 रन बनाए हैं।

अथर्टन यह भी देखना चाहते हैं कि इस बार टीम इंडिया के तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ के लिए क्या रणनीति बनाते हैं। भारत जब 2018–19 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गया था तो उसके दो अहम बल्लेबाज स्मिथ और डेविड वॉर्नर एक साल का प्रतिबंध झेल रहे थे। भारत ने यह सीरीज 2–1 से जीतकर पहली बार ऑस्ट्रेलियाई धरती पर सीरीज अपने नाम की थी।

अथर्टन ने कहा, मैं यह देखने को बेहद उत्सुक हूं कि भारत उनके (स्मिथ) लिए कैसी रणनीति बनाता है। उनकी बल्लेबाजी का अलग तरीका है। वह पारंपरिक तरीके से नहीं खेलते हैं लेकिन मैं उनकी बल्लेबाजी को देखने का आनंद लेता हूं।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि खेल तब बेहतर बन जाता है, जब उसे कुछ ऐसे लोग खेल रहे हों, जिनके खेलने का तरीका पूरी तरह से अलग हो। अथर्टन ने हालांकि कहा कि जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और इशांत शर्मा जैसे अच्छे तेज गेंदबाजों की मौजूदगी में मुकाबला बराबरी का बन गया है। उन्होंने कहा, भारतीय क्रिकेट प्रशंसक जिस वजह से उम्मीद करेंगे वह उसका मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है। अच्छे तेज गेंदबाजी आक्रमण के बिना ऑस्ट्रेलिया में जीत दर्ज करना बेहद मुश्किल है।

## राहुल द्रविड़ ने बताया, क्रिकेट से बाहर भी है जिंदगीः चेतेश्वर पुजारा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय टेस्ट बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने कहा कि क्रिकेट से ध्यान हटा कर निजी जिंदगी के लिए समय के महत्व के बारे में बताने के लिए वह पूर्व दिग्गज राहुल द्रविड़ के हमेशा आभारी रहेंगे। पुजारा ने कहा कि उनके जीवन पर द्रविड़ के प्रभाव को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।

द्रविड़ को भारतीय बल्लेबाजी की श्दीवारश माना जाता है और अक्सर पुजारा की तुलना द्रविड़ से की जाती है। पुजारा ने कहा कि वह व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन को अलग रखने के तरीके को सिखाने के लिए द्रविड़ के शुक्रगुजार हैं। पुजारा ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा, श्उन्होंने मुझे क्रिकेट से दूर रहने




के महत्व को समझने में मदद की। मेरे पास एक ही विचार था, लेकिन जब मैंने उससे बात की तो उन्होंने मुझे इसके बारे में बहुत स्पष्टता के साथ बताया। मुझे ऐसी सलाह की जरूरत थी। द्रविड़ ने 164 टेस्ट में 13,288 रन और 344 वनडे में 10,889 रन बनाए। उन्होंने 79 एकदिवसीय मैचों में भारत की कप्तानी भी की, जिनमें से 42 में टीम को सफलता मिली। उनके नाम रनों का पीछा करते हुए लगातार 14 जीत दर्ज करने का वर्ल्ड रेकॉर्ड भी है।

पुजारा ने कहा, मैंने काउंटी क्रिकेट में भी देखा कि कैसे वे व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन को अलग रखते हैं। मैं उस सलाह को बहुत महत्व देता हूं। बहुत से लोग मानते हैं मैं अपने खेल पर जरूरत से ज्यादा ध्यान देता हूं। हां, मैं ऐसा हूं, लेकिन मुझे यह भी पता है कि कब पेशेवर जीवन से दूरी बनानी है। क्रिकेट से परे भी जीवन है।

उन्होंने कहा, मेरी पसंद–नापसंद बदलते रहती है लेकिन द्रविड़ मेरे लिए काफी मायने रखते हैं। मेरे लिए वह हमेशा प्रेरणा के स्रोत रहे हैं और रहेंगे। पुजारा ने कहा कि द्रविड़ से लगाव के बाद भी उन्होंने कभी उनकी नकल करने की कोशिश नहीं की।

## विराट हमेशा कहते हैं अपने दम पर बनो नंबर वनः हार्दिक पंड्या

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली का खेल के प्रति जुनून और उनकी कड़ी मेहनत का मुरीद भला कौन नहीं है। विराट के साथी खिलाड़ी भी विराट जैसा बनने की सोच रखते हैं। टीम इंडिया के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने बताया कि विराट कहते हैं कि अपनी कड़ी मेहनत से नंबर 1 बनो किसी को नीचे गिराकर नहीं हार्दिक एक टीवी चैनल के कार्यक्रम स्पोर्ट्स तक से बात कर रहे थे। इस दौरान जब जिक्र विराट कोहली को लेकर छिड़ा तो इस हरफनमौला खिलाड़ी ने कहा, मैंने उनसे दो दिन पहले ही बात कर रहा था। मैंने उनसे पूछा कि उनकी कामयाबी का राज क्या है? हार्दिक ने कि उन्हें विराट ने इस सवाल का जवाब देते हुए कहा, (खेल के प्रति) तुम्हार व्यवहार अच्छा है, सब कुछ अच्छा है, तुम्हें बस एक ही बात दिमाग में रखनी है कि तुम्हें टॉप लेवल पर पहुंचना है यहां निरंतरता को बरकरार रखना है। आपमें नंबर 1 बनने के लिए बड़ी भूख होनी चाहिए, जो सही दिशा में हो। किसी को नीचे धकेल कर नहीं। आपका यही लक्ष्य होना चाहिए कि आप अपनी कड़ी मेहनत और अपनी क्षमता के दम पर नंबर 1 बनेंगे।

## न्यूज डायरी



### सिख स्पिनर अमर विरदी को उम्मीद, इंग्लैंड टीम में मिलेगी जगह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** साउथहैम्पटन। इंग्लैंड के ऑफ स्पिनर अमर विरदी के पास भले ही अनुभव की कमी है। लेकिन उन्हें उम्मीद है कि 8 जुलाई से वेस्ट इंडीज के खिलाफ शुरू हो रही 3 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए वह टीम में जगह बनाने में सफल रहेंगे। प्रथम श्रेणी में महज 23 मैचों के अनुभव वाले 21 साल के इस खिलाड़ी को टेस्ट टीम में जगह बनाने के लिए जैक लीच, डॉम बेस, मैट पार्किंसन और मोइन अली जैसे अधिक अनुभवी स्पिनरों को पछाड़ना होगा। विरदी ने शुक्रवार को कहा, जाहिर है कि मैं यहां हूं इसलिए मैं चाहता हूं कि टेस्ट क्रिकेट खेलूं। मैं अपनी तरफ से पूरा प्रयास करता रहूंगा ताकि टीम में जगह बना सकूं। विरदी ने कहा कि वह पहले टेस्ट के लिए टीम में जगह बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं वास्तव में इस तरह प्रभावित करने की कोशिश नहीं करता हूं। मैं अपनी चीज करना चाहता हूं और चाहता हूं कि मैं जो हूं वही रहूं। कुछ और करने की जगह मैं अपने कौशल से प्रभावित करने की कोशिश करता हूं।

### पहली क्लास का बच्चा एक्सपर्ट की तरह चला रहा जेसीबी, सहवाग ने की तारीफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारी–भरकम काम करने वाली जेसीबी मशीन को चलाने के लिए एक खास किस्म की ट्रेनिंग की जरूरत होती होगी। लेकिन कोई पांच साल का बच्चा इस मशीन को किसी एक्सपर्ट ऑपरेटर की तरह चलाए तो बात हैरान करती है। टीम इंडिया पूर्व विस्फोटक ओपनिंग बल्लेबाज वीरेंदर सहवाग भी यह देखकर हैरान रह गए। उन्होंने ट्विटर पर एक वीडियो शेयर कर इस नन्हे ऑपरेटर की तारीफ की है। सहवाग ने जो वीडियो शेयर किया है। उस दो मिनट के वीडियो एक शख्स इस जेसीबी एक्सपर्ट का इंटरव्यू ले रहा है। इसमें बताया गया है कि यह बच्चा पहली क्लास में पढ़ता है और इस मशीन को चलाने में वह एक्सपर्ट है। बाद में वह शख्स इस बच्चे से इस मशीन को चलाकर दिखाने की बात कहता है तो बच्चा तुरंत इस वीकल पर बैठकर उसे चला कर दिखाता है। इस दौरान वह मशीन से मिट्टी उठाकर भी दिखाता है और इसे आगे–पीछे ड्राइव करके भी दिखाता है।

### जोकोविच के बाद उनके कोच गोरान इवानिसेविच को हुआ कोरोना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दुनिया के नंबर–1 टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच के बाद अब उनके कोच गोरान इवानिसेविच की कोरोना वायरस टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। पूर्व विंबलडन चैंपियन क्रोएशिया के गोरान ने शुक्रवार को इस बात की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि जोकोविच की ओर से आयोजित एक प्रदर्शनी टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के कुछ दिनों बाद उन्होंने टेस्ट कराया और रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इवानिसेविच ने इंस्टाग्राम पर लिखा, दुर्भाग्य से.. मुझे पता चला है कि मेरा कोविड–19 टेस्ट पॉजिटिव आया है। मुझे तबीयत ठीक लग रही है और कोई ऐसे लक्षण नहीं हैं। 48 वर्षीय इवानिसेविच ने कहा कि उन्होंने हर किसी से पूछा जो भी उनके संपर्क में आए थे और उनसे खुद का और अपने प्रियजनों का ख्याल रखने की बात भी कही। इवानिसेविच ने इससे पहले 10 दिन में दो बार टेस्ट कराया था जिसमें उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी।

### वर्ल्ड टीम टेनिस में खेलेंगी वीनस विलियम्स, एक ही स्थल पर होंगी सभी मैच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। दिग्गज महिला टेनिस प्लेयर अमेरिका की वीनस विलियम्स वेस्टर्न वर्जीनिया में 12 जुलाई से शुरू होने वाली वर्ल्ड टीम टेनिस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। यह 15वां अवसर होगा जबकि दुनिया की यह पूर्व नंबर–1 महिला खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में खेलेंगी। वीनस इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली नौ टीमों में से वॉशिंगटन कैसल्स का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह टूर्नामेंट तीन सप्ताह तक चलेगा। इस प्रतियोगिता के मैच आम तौर पर देश के विभिन्न स्थलों में खेले जाते हैं लेकिन कोरोना वायरस महामारी को देखते हुए आयोजकों ने इस बार इसका आयोजन एक स्थल पर करने का फैसला किया है। वीनस ने अपने करियर में सात ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं।